an>

title: Need to start air flight from Vadodara to Mumbai.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा मत क्षेतृ वडोदरा में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माणाधीन है। अगले कुछ महीनों में यह कार्यरत हो जाएगा और अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट के परिचालन का आरंभ भी हो जाएगा। लेकिन मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंतृालय को बताना चाहती हूं कि मेरे मत क्षेतृ वडोदरा में कार्यरत एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की कोई भी फ्लाइट वडोदरा से मुम्बई के बीच परिचालित नहीं है। एयर इंडिया ने दिनांक 24.10.2009 को आखिरी फ्लाइट इस रूट पर चलाई थी। आज छः साल बीत गए लेकिन एयर इंडिया की एक भी फ्लाइट वडोदरा से मुम्बई के बीच सेवारत नहीं है। निजी हवाई उड्डयन संस्थाओं की दैनिक फ्लाइट वडोदरा से मुम्बई के बीच सेवारत है। मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंतृालय से अनुरोध करना चाहती हूं कि एयर इंडिया की फ्लाइट वडोदरा से मुम्बई तक चलाई जाए।